## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 12.09.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. केंद्रीय योजनाओं की दोहरी सफलता– पीएम आवास योजना शहरी के तहत 18 लाख 77 हजार नए मकानों को मंजूरी, पीएम–किसान मानधन योजना के पूरे हुए 7 वर्ष।

2. राज्य में कृषि बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की पहल, हर विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक कोल्ड स्टोरेज और प्रत्येक प्रखंड में बनेंगे सरकारी गोदाम।

3. राज्य में भ्रामक दावों और मिस–लेबलिंग पर हुई बड़ी कार्रवाई– 115 फूड प्रोडक्ट्स की बिक्री पर रोक, स्टॉक वापस लेने के निर्देश।

4. राज्य में आज भी सक्रिय रहेगा मानसून; राजधानी रांची सहित कई जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना।
5. राज्य खेल निदेशालय का बड़ा फैसला– 493 खिलाड़ियों को मिलेगी साढ़े चार करोड रुपये की सम्मान राशि, खिलाड़ी पेंशन योजना का होगा व्यापक प्रचार–प्रसार।

********************

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के दूसरे चरण के तहत 18 लाख 77 हजार मकानों को मंजूरी दी है। नई दिल्ली में हुई केंद्रीय स्वीकृति समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। आवास मंत्रालय ने राज्यों से इसका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा है।

********************

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के आज 7 वर्ष पूरे हो गए हैं। वर्ष 2019 में आज ही के दिन शुरू हुई यह योजना देश के लघु और सीमांत किसानों को वृद्धावस्था में वित्तीय सुरक्षा देती है। एक रिपोर्ट

********************

रांची के प्रेस क्लब में झारखंड समग्र विकास के लिए संसाधन विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि केवल बजट बढ़ाना काफी नहीं है, बल्कि आर्थिक विकास का मूल्यांकन उसके सामाजिक प्रभाव और मानव विकास से होना चाहिए।

********************

राज्य की कृषि एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने नेपाल हाउस में कृषि योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने हर विधानसभा में आधुनिक कोल्ड स्टोरेज और प्रत्येक प्रखंड में बेहतर सरकारी गोदाम बनाने का निर्देश दिया। बैठक में स्कूलों में रागी आपूर्ति और लाह उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

********************

रांची में एनएचएम झारखंड द्वारा सिकल सेल, थैलेसीमिया और हीमोफीलिया मरीजों के लिए राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने डे केयर सेंटरों में डॉक्टरों की तैनाती और काउंसलिंग का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सिविल सर्जनों को 28 से 30 सितंबर तक जिलों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाने को कहा।

********************

राज्य में 115 फूड प्रोडक्ट्स पर भ्रामक दावों और मिस–लेबलिंग को लेकर बड़ी कार्रवाई शुरू हुई है। रांची खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी दुकानदारों, डिस्ट्रीब्यूटर्स और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को इन उत्पादों की बिक्री तुरंत रोकने और स्टॉक वापस लेने का निर्देश दिया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि आदेश का पालन न करने पर फूड सेफ्टी एक्ट, 2006 के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर सीधा आरोप लगाया कि वह परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार को छिपा रही है। गोड्डा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी की सीबीआई जांच कराने और छात्रों पर दर्ज फर्जी मुकदमे तुरंत वापस लेने की मांग की है।

********************

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने और क्षेत्रीय भाषाओं को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की। साथ ही, श्री महतो ने जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं व डीएमएफटी फंड की सीबीआई और इडी से जांच कराने का आग्रह किया।

********************

जामताड़ा में मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है, जहां एक ही मकान नंबर पर अलग–अलग समुदायों के 54 मतदाताओं के नाम दर्ज मिले हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एईआरओ और ईआरओ को जांच के आदेश दिए हैं।

********************

दुमका जिले के तसर कीटपालक शंभूनाथ देहरी को रेशम उत्पादन में उत्कृष्ट योगदान के लिए बेस्ट सेरीकल्चर स्टेकहोल्डर अवार्ड–2026 से सम्मानित किया जाएगा। शंभूनाथ ने कीटों को बचाने के लिए विशेष देसी स्टिकी ट्रैप तकनीक विकसित की है, जिससे किसानों की आय बढ़ी है।

********************

राज्य में मानसून की सक्रियता के बीच आज राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। मौसम केंद्र रांची ने आज दोपहर बाद गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है।

********************

राज्य में पूर्व खिलाड़ियों को पेंशन और सम्मान राशि देने के लिए खेल निदेशालय की उच्चस्तरीय बैठक हुई। समिति ने 493 खिलाड़ियों को करीब साढ़े चार करोड़ रुपये की सम्मान राशि देने की अनुशंसा की है। वहीं, खिलाड़ी पेंशन के लिए केवल दो आवेदन ही योग्य पाए गए। आवेदन कम आने पर समिति ने इस योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार करने का निर्देश दिया है।

********************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने 18वें शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम के आयोजन की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– ब्रिक्स मंच पर साथ आये मोदी, पुतिन, पेजिश्कियान।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है–एसआईआर के तहत राज्य के चार हजार छह वोटरों पर संदेह, आयोग ने दिया जांच का आदेश।

**प्रभात खबर** लिखता है– पोप से मिले आर्चबिशप, दिया न्यौता।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– सीजीएल केस में कोडरमा के दो संदिग्ध और 28 सफल अभ्यर्थियों से पूछताछ।

*********समाप्त**********